कृष्णदास संस्कृत सीरीज २४८

वृद्ध-वसिष्ठसंहिता

पाठसंवादसंवलितः 'नारायणी' हिन्दीटीकासहितश्च

सम्पादकोऽनुवादकश्च
डॉ. चन्द्रमौलि रैणा

संशोधकः
प्रो. रामचन्द्र पाण्डेय

प्रथमो भागः

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी

कृष्णदास संस्कृत सीरीज़
२४८
***

वृद्ध-वसिष्ठसंहिता

पाठसंवादसंवलित: 'नारायणी' हिन्दीटीकासहितश्च

सम्पादकोऽनुवादकश्च
डॉ. चन्द्रमौलि रैणा
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, ज्योतिष
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, जम्मू

संशोधकः
प्रो. रामचन्द्र पाण्डेय
पूर्व अध्यक्ष, ज्योतिषविभाग
पूर्व प्रमुख, सं.वि.ध.वि.संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

प्रथमो भागः

चौखम्बा कृष्णदास अकादमी
वाराणसी

प्रकाशक : चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : प्रथम, वि०सं० २०७१, सन् २०१५

ISBN: 978-81-218-0363-2

© **चौखम्बा कृष्णदास अकादमी**
के० ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० ११९८, वाराणसी–२२१००१ (भारत)
फोन : (०५४२) २३३३४५८ P.P. & २३३५०२०

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो० बा० नं० १००८, वाराणसी—२२१००१ (भारत)
(आफिस) (०५४२) २३३३४५८
(आवास) (०५४२) २३३५०२०, २३३४०३२
Fax : 0542 - 2333458
e-mail : cssoffice01@gmail.com
web-site : www.chowkhambasanskritseries.com



श्री १०८ पूज्यपाद् ब्रह्मर्षि बाबा दूधाधारी बर्फानी जी महाराज

ब्रह्मर्षि बाबादूधाधारी महात्मनां प्रशस्तिः।।

श्री १०८ श्री ब्रह्मर्षिदूधाधारी प्रशस्तिः

दुग्धाधारी यतिवर प्रभुर्वैष्णवानन्दकारी
वेदोद्धारी प्रतिपदमहो विश्वतो यज्ञकारी।
सिद्धाचारी स शणवसनो बाल्यतो ब्रह्मचारी
ब्रह्मानन्दं जनयति हृदि स्मर्तुरुद्धारकारी।।१।।

नाम्नां धाम्नामुपधविरहेणाऽऽत्मसिद्धौ प्रसिद्धाः
पुण्यात्मानो द्विजसुरगवां सर्वदेवावधानाः।
यज्ञैरिष्ट्वा जनगणमनोहारि पर्जन्यहेतो।
धूमज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातं दधानाः।।२।।

दुग्धाधारिमहात्मनां द्विजकुले जातं शतं जन्मना–
मित्थं मे प्रतिभाति सन्मुखधिया यज्ञव्रताभ्यासतः।
नानातीर्थनिषेवणाद्गुरुकृपामासाद्यगोपालनाद्
देवानां सततार्चनात्षडक्षरजपादष्टाङ्गयोगार्जनात्।।३।।

वेदानां श्रवणाज्जगद्गुरुमुखान्मौनव्रतालम्बनात्
सच्छास्त्राचरणात्पुराणश्रवणात्पित्रार्चनान्नित्यशः।
गायत्र्याविधिवज्जपन्द्विजमुखान्नित्यं पुरश्चर्यया
श्रौतस्मार्तमखैः सदेहजगतः कल्याणसञ्चिन्तनात्।।४।।

ब्रह्मर्षिप्रवरा जगद्गुरुवरा दृष्ट्वैक दृष्ट्या जगत्
हस्राक्षं जितवन्त इत्थमपि ते जाताः सहस्राध्वराः।
नानातीर्थवनादिषु हिमजलाशय्यास्तपश्चर्यया
कृत्वाऽऽत्मानमतीव निर्मलमहो जगतां हिताय स्वयम्।।५।।

उड्राङ्गासमवङ्ग मागधखसाऽऽसाकेत काशी गया
जम्बू श्रीनगर सदूधमपुराम्बाराम आर्याश्रियम्।
राजौरी ह्यखनूर मानससरो जन्द्राह भड्डूगुढा
गङ्गायामुनसङ्गमं हरिहरद्वारोज्जयिन्याह्वयम्।।६।।

क्षेत्रं नैमिषिकं समेत्य वदरीक्षेत्रं कुरूणां वरम्
गामं गामहो सदर्षिप्रवराश्चान्त्ये स्मरन्तः प्रभुम्
न्यास्थञ्छ्री प्रभुदास वैष्णवकृते सत्कार्यभारं महत्
भारश्री वहताँ सतां प्रभुवरा जीवन्तु कल्पावधिम्।।७।।

इति श्रीविहारिलालवाशिष्ठप्रणीता
श्री १०८ श्रीब्रह्मर्षिदुग्धाधारिमहात्मनां
।। प्रशस्तिः समाप्ता ।।

पुरोवाक्

ज्योतिषशास्त्र के १८ प्रवर्तकों में १६ मानवऋषिगण रहे हैं। अनुमान किया जाता है कि सभी ऋषियों की अपनी-अपनी संहितायें भी रही होंगी, किन्तु कुछ ही संहिताओं के उल्लेख मिलते हैं, उनमें भी सभी उपलब्ध नहीं हैं। उपलब्ध संहितायें क्रमशः प्रकाश में आती जा रहीं हैं। कहीं-कहीं एक ही ऋषि के नाम दो तरह से उद्धृत हैं। यथा—वृद्धगर्गः, गर्गः, वृद्धवसिष्ठ, वसिष्ठः। एक ही ग्रन्थ में दो नामों से वचन उपलब्ध होने से यह भ्रम उत्पन्न होता है कि दोनों संहितायें तथा उनके आचार्य एक ही है या पृथक्-पृथक्। यथा—तिथिनिर्णयप्रसङ्ग में जयसिंहकल्पद्रुम में दो परस्पर विरुद्ध वचन मिलते हैं—

एकादशी तृतीया च षष्ठी चैव त्रयोदशी।
पूर्वविद्धा तु कर्तव्या यदि न स्यात् परेऽहनि।। (वसिष्ठः)

तथा—

द्वितीयापञ्चमीवेधाद्दशमी च त्रयोदशी। चतुर्दशी चोपवासे हन्युः पूर्वोत्तरे तिथी।
—वृद्धवसिष्ठ

कालान्तर में दो गर्ग संहिताओं के उद्धरण उपलब्ध होने से दो पृथक्-पृथक् गर्ग संहिताओं का होना सुनिश्चित हो गया। इनमें एक ज्योतिष विषयक है तथा दूसरी पुराण विषयक। पौराणिक गर्ग संहिता तो अब मुद्रित भी हो चुकी है, किन्तु ज्योतिष विषयक संहिता पाण्डुलिपि के रूप में भी अभी दुर्लभ है। वसिष्ठ संहिता दो है या एक, अभी भी अनिर्णित है। अपने जम्मू प्रवास के समय सन् १९७६ में रघुनाथ ग्रन्थालय के पाण्डुलिपि संग्रह में मैंने गर्ग संहिता ढूँढने का प्रयास किया था। वह तो नहीं मिली, किन्तु मुझे कश्यपसंहिता तथा वृद्धवसिष्ठ संहिता की एक-एक प्रति मिली। मैंने सोचा इन दोनों ग्रन्थों को प्रकाश में लाने का उत्तम मार्ग यही होगा कि इन ग्रन्थों पर शोध कार्य हेतु दो छात्रों को दे दिया जाय। इस प्रस्ताव से अत्यन्त उत्साहित होकर विभागीय वरिष्ठ विद्वान् पं. विहारीलाल शास्त्री ने कश्यपसंहिता पर कार्य करने का भार स्वयं ले लिया तथा सोत्साह उसे सम्पन्न भी किया। वृद्धवसिष्ठसंहिता को शोधकार्य हेतु रणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ में प्रथम सत्र के शिष्य श्री चन्द्रमौलि रैणा को दिया। चन्द्रमौलि रैणा वृद्धवसिष्ठसंहिता के अन्य हस्तलेखों का संकलन कर पाठान्तर सहित समीक्षात्मक सम्पादन कर सन् १९८९ में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान से शोध उपाधि प्राप्त की। अत्यधिक अन्तराल के बाद इसका प्रकाशन जम्मू में प्रारम्भ हुआ। अकस्मात् किसी कार्यविशेष से मुझे जम्मू जाना पड़ा। इसके मुद्रण कार्य को

देखकर मुझे प्रसन्नता हुई। चन्द्रमौलि रैणा के आग्रह पर मैंने इसका पुनः अवलोकन किया तथा कुछ संशोधन और परिष्कार का सुझाव दे दिया। इस कार्य में पुनः कुछ विलम्ब हो गया। आज इसे हिन्दी अनुवाद के साथ मुद्रित होते देख कर मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है। यद्यपि यह उचित नहीं था, किन्तु सम्पादक की अभिरूचि ग्रन्थ को दो भागों में प्रकाशित करने की रही है। इसलिए ग्रन्थ के दो भाग किये गये। प्रथम खण्ड के मुद्रण के अनन्तर अतिशीघ्र ही इसका दूसरा खण्ड भी प्रकाश में आ जायेगा, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

ज्योतिषशास्त्र में संहिता ग्रन्थों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है, क्योंकि इनमें अनेक प्रकार के विषयों का समावेश होता है तथा सभी विषय राष्ट्रहित और जन कल्याण की दृष्टि से प्रतिपादित किये गये हैं। संहिताओं के माध्यम से ही हमें अपने प्राचीन ज्ञान विज्ञान की अनेक सूचनायें मिलती हैं। इन्हीं के माध्यम से हम कल्पना कर पाते हैं कि हमारे ऋषि, महर्षि तथा पूर्वज, आचार्यगण भूगर्भ, अन्तरिक्ष, कृषि, वायु-वृष्टि तथा पुश-पक्षियों के विषय में भी कितने जागरुक एवं दत्तावधान थे। जिनका अनुसन्धान सहस्राब्दियों से विभिन्न क्षेत्रों में जनमानस का मार्ग दर्शन करता आ रहा है। प्रायः सभी संहिताओं में कुछ न कुछ विशिष्ट विषयों का समावेश होता है, जिनसे उनकी पृथक्-पृथक् पहचान होती है, साथ ही अनेक विषयों में समानता भी होती है, जिनसे उन विषयों की प्रामाणिकता की पुष्टि भी होती है। वृद्धवसिष्ठ संहिता में भी अन्य संहिताओं की तरह ग्रहचार का विशद विवेचन करने के अनन्तर पञ्चाङ्गों तथा प्रमुख संस्कारों का विस्तृत निरूपण किया गया है। ग्रहदोषों का उल्लेख करते हुए उनके शमन के उपाय भी बतलाये गये हैं, जो इन संहिता के वैशिष्ट्य के रूप में चिह्नित किये जा सकते हैं। स्वयं संहिताकार ऋषि ने अत्यन्त संक्षेप में ग्रन्थ में वर्णित विषयवस्तु को एक पद्य में दर्शाया है—

शास्त्रस्वरूपग्रहचारमानप्रत्येकपञ्चाङ्गफलं क्षणाख्याः।
गोचारसंक्रान्तिनिशीशतारावलोपखेटग्रहकौटभाश्च॥ (वृ.व.सं. १.९)

इन विषयों के आधार पर इस ग्रन्थ की व्यावहारिक उपयोगिता स्वतः सिद्ध हो जाती है। किसी भी पाण्डुलिपि की कई प्रतियों की समीक्षा कर पाठ निर्धारण करना तथा पाठान्तरों को श्लोकानुसार सुलभ कराना अपने आप में एक महत्वपूर्ण तथा शोधपरक कार्य है। समीक्षात्मकसम्पादन तथा हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाशित करने हेतु अपने प्रिय शिष्य डॉ. चन्द्रमौलि रैणा को साशीर्वाद बधाई देता हूँ। इस प्रकाशन से वृद्धवसिष्ठ संहिता की कई पाण्डुलिपियाँ भी सुरक्षित हो गईं। मैं आशा करता हूँ कि इस ग्रन्थ के अवशिष्ट अंशों का भी पाठान्तर सहित

सानुवाद, समीक्षात्मक संस्करण ग्रन्थ के द्वितीय भाग के रूप में अति शीघ्र प्रकाश में आयेगा। मैं अवशिष्ट कार्य की शीघ्र पूर्ति हेतु डॉ. रैणा को पुनः अग्रिम बधाई देता हूँ तथा उत्साहित भी करता हूँ साथ ही आशा करता हूँ कि शास्त्रों के मनन, चिन्तन में प्रवृत्त रहते हुए कुशलदैवज्ञ बनने का प्रयास करेंगे। दैवज्ञ के गुणों का वर्णन करते हुए आचार्य ने स्वयं लिखा है—

श्रुतिस्मृतिज्ञः पटुरर्थशास्त्रे शब्दोपविष्टः कुशलः कलासु।

त्रिस्कन्धविज्ज्योतिषिकः सुवेषः कुली सुवृत्तस्त्वगदः सुवृत्तः॥ (वृ.व.सं. १.८)

मुझे आशा है इस प्रकाशन से पाठकगण सन्तुष्ट होंगे। उनकी सन्तुष्टि पर ही ग्रन्थ की सार्थकता सिद्ध होती है। इस अवसर पर ग्रन्थ को सुन्दर कलेवर देने हेतु मैं चौखम्बा संस्कृत सीरीज के दोनों चिरञ्जीवी सचिन गुप्त एवं कौशिक गुप्त कर्णधारों को साधुवाद देता हूँ, जिन्होंने इसके प्रकाशन में अपनी रुचि दिखलाते हुए इसे सोत्साह सम्पन्न किया।

रामचन्द्रपाण्डेय

पूर्व अध्यक्ष ज्योतिषविभाग

पूर्व प्रमुख, सं.वि.ध.वि.संकाय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

भूमिका

दिवाकरं ग्रहाधीशं हेरम्बञ्च सरस्वतीम्।
विविच्यते प्रणम्यादौ वसिष्ठस्यां हि संहिताम्॥

समस्त प्राणियों के आधिभौतिक, अध्यात्मिक आधिदैविक तीन प्रकार के दु:खों को विनाश करने में पूर्णरूपेण सशक्त और चतुर्वर्ग प्राप्ति के अत्यन्त सुन्दर मार्गदर्शक वेद हैं।

भारतीय संस्कृति का मूलाधार वेद हैं। वेद से ही हमें अपने धर्म और सदाचार का ज्ञान होता है। हमारी पारिवारिक, सामाजिक, वैज्ञानिक एवं दर्शनिक विचारधाराओं के स्रोत भी वेद ही हैं। वेदों के छः अङ्ग कहे गये हैं *– 1. शिक्षा, 2. कल्प, 3. व्याकरण, 4. निरुक्त, 5. छन्द तथा 6. ज्योतिष। इन्हें षड्वेदाङ्गों की संज्ञा दी गई है। मन्त्रों के उचित उच्चारण के लिये शिक्षा का, कर्मकाण्ड और धार्मिक अनुष्ठानों के लिये कल्प का, शब्दों के सही ज्ञान के लिए व्याकरण का, अर्थ ज्ञान के निमित्त शब्दों के निर्वचन के लिए निरुक्त का, वैदिक छन्दों के ज्ञान हेतु छन्द का और अनुष्ठानों के उचित काल निर्णय के लिए ज्योतिष का उपयोग सर्वमान्य है।

महर्षि वसिष्ठ ने ज्योतिष को वेदपुरुष का नेत्र कहा है–

वेदस्य चक्षुः किल शास्त्रमेतत्प्रधानताङ्गेषु ततोऽस्य जाता।
अङ्गैर्युतोऽन्यैः परिपूर्णमूर्तिश्चक्षुर्विहीनः पुरुषो न किंचित्॥

(वृद्धवसिष्ठ संहिता अ. १ श्लोक ६)

वेद का नेत्र होने से यह शास्त्र सम्पूर्ण अङ्गों में प्रधानता को प्राप्त हो गया है। जैसे मनुष्य बिना चक्षुइन्द्रिय के किसी भी वस्तु का दर्शन करने में असमर्थ

---

* **शब्दशास्त्रं मुखं ज्योतिषं चक्षुषी श्रोत्रमुक्तं निरुक्तं च कल्पं करौ।**
या तु शिक्षाऽस्य वेदस्य सा नासिका पादपद्मद्वयं छन्द आद्यैर्बुधैः॥
(सि.शि. ग्रहगणिते श्लोकसंख्या १०)

होता है, ठीक वैसे ही वेदशास्त्र या वेदशास्त्र विहित कर्मों को जानने के लिए ज्योतिष का अत्यन्त महत्त्व सिद्ध है। भूतल अन्तरिक्ष एवं भूगर्भ के प्रत्येक पदार्थ का त्रैकालिक यथार्थ ज्ञान जिस शास्त्र से होता है वह ज्योतिष शास्त्र है ज्योतिष शास्त्र से त्रैकालिक प्रभाव को जाना जा सकता है।

प्रातः उत्थान से लेकर शयनपर्यन्त की दिनचर्या, गर्भ से लेकर मृत्यु तक और उसके पश्चात भी परलोक-पुनर्जन्म की बातों को ज्योतिष अभिव्यक्त करता है। आचार्य वराहमिहिर के अनुसार अन्य जन्मों में जो भी शुभाशुभ कर्म किया गया हो उसके फल तथा फलप्राप्ति समय को यह शास्त्र वैसे ही अभिव्यक्त करता है जैसे अन्धकार में पड़े पदार्थों को दीपक व्यक्त करता है।

यदुपचितमन्यजन्मनि शुभाशुभं तस्य कर्मणः पक्तिम्।
व्यञ्जयति शास्त्रमेतत् तमसि द्रव्याणि दीप इव।।

(लघुजातके राशिप्रभेदाऽध्याये श्लोक संख्या ३)

कर्मार्जितं पूर्वभवे सदादि यत्तस्य पक्तिं समभिव्यनक्ति।।

(वृहज्जातकम् १-३)

'कालाधीनं जगत्सर्वम्' प्राणियों के व्यवहारिक एवं पारमार्थिक समस्त कार्य काल के अधीन हैं और काल जेतिषशास्त्र के अधीन है। काल की विवेचना सभी शास्त्रों में उपलब्ध है किन्तु ज्योतिष शास्त्र काल की सम्यग्यता विवेचना करता है इसी कारणवश काल का पर्याय ही बन गया है। काल के वशीभूत होकर ब्रह्मा सृष्टि रचते हैं, विष्णु पालन करते हैं तथा शिव संहारकारक बनते हैं, छः ऋतुएँ काल के ही रूप हैं। इसी में समस्त प्रणी जन्म लेते हैं मर भी जाते हैं, कालानुसार ही पशु, पक्षी, वृक्ष लतादि चलते हैं।

अथर्ववेद के अथर्वज्योतिष में वारों के नाम एवं क्रम का स्पष्ट उल्लेख मिलता है।

आदित्यः सोमो भौमश्च तथा बुधबृहस्पतिः
भार्गवः शनैश्चरश्चैव एते सप्तदिनाधिपाः।।

वारों का नामकरण सर्वप्रथम भारत में हुआ था यह हमारे ऋषियों की अद्‌भुत देन है अथर्वा ऋषि के अनुसार काल सब का गृहीता, दाता एवं कर्त्ता

है। मास पक्ष काल के शरीर हैं दिन रात्रि वस्त्र हैं ऋतुएँ इन्द्रियाँ हैं– यही काल संज्ञक ब्रह्म है। यह काल ही प्राणीमात्र की गति है। यह काल सर्वतन्त्र स्वतन्त्र होने पर भी प्राणियों को शुभाशुभ फल उनके कर्मानुसार ही देता है। ज्योतिषशास्त्र कालबोधक शास्त्र है। इस सन्दर्भ में वृद्ध वसिष्ठ भी लिखते हैं; तद्यथा–

क्रतुक्रियार्थश्रुतयः प्रवृत्ताः कालाश्रयास्ते क्रतवो निरुक्ताः
शास्त्रादमुष्मात्किल कालबोधो वेदाङ्गताऽमुष्य ततः प्रसिद्धा॥

(वृद्धवसिष्ठ संहिता १-४)

ज्योतिष शास्त्र के सिद्धान्त, होरा एवं संहिता– ये तीन स्कन्ध हैं। इन तीन स्तम्भों पर ही ज्योतिषशास्त्र रूपी विशाल प्रासाद टिका हुआ है। एक भी स्तम्भ में कुछ हीनता हो जाए तो प्रासाद अवनत हो जाता है अतः ज्योतिष शास्त्र को यथार्थ रूप में समझना हो तो तीनों स्कन्धों का भलीभान्ति ज्ञान आवश्यक है।

सिद्धान्तसंहिताहोरारूपं स्कन्धत्रयात्मकम्।
वेदस्य निर्मलं चक्षुर्ज्योतिः शास्त्रमनुत्तमम्॥

(नारदसंहिता 1/4)

सिद्धान्त स्कन्ध

त्रुटिकाल से लेकर प्रलयान्त तक के काल की गणना, सौर, सावन चान्द्र, नक्षत्रादि मानों का भेद, ग्रहों के सञ्चार तथा साधन, व्यक्ताव्यक्त गणित, पृथ्वी, नक्षत्र और ग्रहों की स्थिति सिद्धान्त ज्योतिष से समझी जा सकती है। सिद्धान्त शिरोमणि में भास्कराचार्य द्वारा यही परिभाष स्वीकृत है।

त्रुट्यादिप्रलयान्तकालकलना मानप्रभेदस्तथा।
चारश्चद्युसदां द्विधा च गणितं प्रश्नास्तथा सोत्तराः॥
भूधिष्ण्यग्रहसंस्थितेश्च कथनं यन्त्रादि यत्रोच्यते।
सिद्धान्तः स उदाहृतोऽत्र गणितस्कन्धप्रबन्धे बुधैः॥

होरा स्कन्ध

मनुष्य के जीवन में आने वाले सुख-दुःख अच्छा-बुरा इत्यादि सभी शुभाशुभ विषयों का विवेचन करने वाला भाग होरा शास्त्र है। इसमें शोधित इष्टकाल के द्वारा जन्मकुण्डली निर्माण करके पूर्वजन्म, वर्त्तमान जन्म तथा

होता है, ठीक वैसे ही वेदशास्त्र या वेदशास्त्र विहित कर्मों को जानने के लिए ज्योतिष का अत्यन्त महत्त्व सिद्ध है। भूतल अन्तरिक्ष एवं भूगर्भ के प्रत्येक पदार्थ का त्रैकालिक यथार्थ ज्ञान जिस शास्त्र से होता है वह ज्योतिष शास्त्र है ज्योतिष शास्त्र से त्रैकालिक प्रभाव को जाना जा सकता है।

प्रात: उत्थान से लेकर शयनपर्यन्त की दिनचर्या, गर्भ से लेकर मृत्यु तक और उसके पश्चात भी परलोक-पुनर्जन्म की बातों को ज्योतिष अभिव्यक्त करता है। आचार्य वराहमिहिर के अनुसार अन्य जन्मों में जो भी शुभाशुभ कर्म किया गया हो उसके फल तथा फलप्राप्ति समय को यह शास्त्र वैसे ही अभिव्यक्त करता है जैसे अन्धकार में पड़े पदार्थों को दीपक व्यक्त करता है।

यदुपचितमन्यजन्मनि शुभाशुभं तस्य कर्मणः पक्तिम्।
व्यञ्जयति शास्त्रमेतत् तमसि द्रव्याणि दीप इव।।

(लघुजातके राशिप्रभेदाऽध्याये श्लोक संख्या ३)

कर्मार्जितं पूर्वभवे सदादि यत्तस्य पक्तिं समभिव्यनक्ति।।

(वृहज्जातकम् १-३)

'कालाधीनं जगत्सर्वम्' प्राणियों के व्यवहारिक एवं पारमार्थिक समस्त कार्य काल के अधीन हैं और काल जेतिषशास्त्र के अधीन है। काल की विवेचना सभी शास्त्रों में उपलब्ध है किन्तु ज्योतिष शास्त्र काल की सम्यग्यता विवेचना करता है इसी कारणवश काल का पर्याय ही बन गया है। काल के वशीभूत होकर ब्रह्मा सृष्टि रचते हैं, विष्णु पालन करते हैं तथा शिव संहारकारक बनते हैं, छः ऋतुएँ काल के ही रूप हैं। इसी में समस्त प्रणी जन्म लेते हैं मर भी जाते हैं, कालानुसार ही पशु, पक्षी, वृक्ष लतादि चलते हैं।

अथर्ववेद के अथर्वज्योतिष में वारों के नाम एवं क्रम का स्पष्ट उल्लेख मिलता है।

आदित्यः सोमो भौमश्च तथा बुधबृहस्पतिः
भार्गवः शनैश्चरश्चैव एते सप्तदिनाधिपाः।।

वारों का नामकरण सर्वप्रथम भारत में हुआ था यह हमारे ऋषियों की अद्भुत देन है अथर्वा ऋषि के अनुसार काल सब का गृहीता, दाता एवं कर्त्ता

है। मास पक्ष काल के शरीर हैं दिन रात्रि वस्त्र हैं ऋतुएँ इन्द्रियाँ हैं– यही काल संज्ञक ब्रह्म है। यह काल ही प्राणीमात्र की गति है। यह काल सर्वतन्त्र स्वतन्त्र होने पर भी प्राणियों को शुभाशुभ फल उनके कर्मानुसार ही देता है। ज्योतिषशास्त्र कालबोधक शास्त्र है। इस सन्दर्भ में वृद्ध वसिष्ठ भी लिखते हैं; तद्यथा–

क्रतुक्रियार्थश्रुतयः प्रवृत्ताः कालाश्रयास्ते क्रतवो निरुक्ताः
शास्त्रादमुष्मात्किल कालबोधो वेदाङ्गताऽमुष्य ततः प्रसिद्धा॥

(वृद्धवसिष्ठ संहिता १-४)

ज्योतिष शास्त्र के सिद्धान्त, होरा एवं संहिता– ये तीन स्कन्ध हैं। इन तीन स्तम्भों पर ही ज्योतिषशास्त्र रूपी विशाल प्रासाद टिका हुआ है। एक भी स्तम्भ में कुछ हीनता हो जाए तो प्रासाद अवनत हो जाता है अतः ज्योतिष शास्त्र को यथार्थ रूप में समझना हो तो तीनों स्कन्धों का भलीभान्ति ज्ञान आवश्यक है।

सिद्धान्तसंहिताहोरारूपं स्कन्धत्रयात्मकम्।
वेदस्य निर्मलं चक्षुर्ज्योतिः शास्त्रमनुत्तमम्॥

(नारदसंहिता 1/4)

सिद्धान्त स्कन्ध

त्रुटिकाल से लेकर प्रलयान्त तक के काल की गणना, सौर, सावन चान्द्र, नक्षत्रादि मानों का भेद, ग्रहों के सञ्चार तथा साधन, व्यक्ताव्यक्त गणित, पृथ्वी, नक्षत्र और ग्रहों की स्थिति सिद्धान्त ज्योतिष से समझी जा सकती है। सिद्धान्त शिरोमणि में भास्कराचार्य द्वारा यही परिभाष स्वीकृत है।

त्रुट्यादिप्रलयान्तकालकलना मानप्रभेदस्तथा।
चारश्चद्युसदां द्विधा च गणितं प्रश्नास्तथा सोत्तराः॥
भूधिष्ण्यग्रहसंस्थितेश्च कथनं यन्त्रादि यत्रोच्यते।
सिद्धान्तः स उदाहृतोऽत्र गणितस्कन्धप्रबन्धे बुधैः॥

होरा स्कन्ध

मनुष्य के जीवन में आने वाले सुख-दुःख अच्छा-बुरा इत्यादि सभी शुभाशुभ विषयों का विवेचन करने वाला भाग होरा शास्त्र है। इसमें शोधित इष्टकाल के द्वारा जन्मकुण्डली निर्माण करके पूर्वजन्म, वर्त्तमान जन्म तथा

भविष्य के फलों को कहने की विधियाँ निरूपित हैं। फलित स्कन्ध के मुख्य पाँच भेद हैं– जातक, ताजिक, मुहूर्त्त एवं प्रश्न। यहाँ मनुष्य के जीवन काल सम्बन्धि सभी फल कहे गये हैं उसे जातक कहते हैं। ताजिक विभाग में वर्षफल कथन की विधियाँ हैं। मुहूर्त्त विभाग में जातकर्म, नामकरण अन्नप्राशन, मुण्डन यज्ञोपवीत इत्यादि मुहूर्त्तों का वर्णन मिलता है।

संहिता स्कन्ध*

संहिता विभाग ज्योतिष शास्त्र का प्रधानाङ्ग है और बड़े ही महत्त्व का है। संहिता भाग सार्वभौम है और होरा भाग व्यक्ति विषयक है। संहिता स्कन्ध में सिद्धान्त और फलित दोनों का समावेश है। गणित एवं फलित के मिश्रत रूप का अथवा ज्योतिष शास्त्र के सभी पक्षों पर जिसमें विचार किया जाता है उसे संहिता शास्त्र कहते हैं। संहिता शास्त्र में प्रधानता से ग्रहों का चार, आकाशीय उत्पातों के लक्षण और उनके परिणाम, मेघलक्षण, वृष्टिकाल ज्ञान, वृष्टि प्रमाण, वायु लक्षण, अङ्गलक्षण, पशुओं के लक्षण, रत्न परिचय, दकार्गल (भूगर्भलक्षण), भूकम्प लक्षण, वास्तु विवेचन, शकुन मुहूर्त्त इत्यादि विषयों का समावेश है।

मूहूर्त्त का व्यवहार होरा ग्रन्थों में भी उपलब्ध है, मुहूर्तों का सम्बन्ध प्रत्यक्ष रूप से जनसामान्य के साथ है इसी कारण बहुत से आचार्यों ने होरा शास्त्रीय विषयों के साथ मुहूर्तों का भी प्रतिपादन किया है। वस्तुतः मुहूर्तों का प्राकाट्य संहिता शास्त्र में ही हुआ करता था।

यदि हम ज्योतिष शास्त्र के इतिहास की ओर उन्मुख होते हैं तो सर्वप्रथम ज्योतिष शास्त्र के इन्ही विषयों पर ध्यान केन्द्रित होता है। प्राचीन काल में आकाशीय परिवर्तन, सूर्यचन्द्र का युत्यन्तर, ग्रहण, परिवेश धूमकेतु दर्शन पृथ्वी निवासियों को आकर्षित करता था। विद्वानों ने इस आकाशीय परिवर्तन का कारण तथा परिणाम के सन्दर्भ में प्रयास किया और उन्होंने अन्नवेषण किया

* दिनकरादीनां ग्रहाणां चारास्तेषु च तेषां प्रकृति विकृति
प्रमाणवर्णकिरणद्युतिसंस्थानस्तनोदयमार्गमार्गान्तर
वक्रानुवक्रर्क्षग्रहसमागम चारादिभिः फलानि नक्षत्र
कूर्मविभागेन देशेष्वगस्त्य चारः॥
(द्रष्टव्यं वृहत्संहितायां सांवत्सर सूत्राध्याये २/२२ पृष्ठ संख्या ५६)

कि सभी आकाशीय उत्पात एवं शुभाशुभ घटनाओं के प्रादुर्भाव ग्रहों के कारण ही होते हैं। इस सन्दर्भ में विस्तृत विवेचन संहिता ग्रन्थों में ही उपलब्ध होता है। संहिता ग्रन्थों का दूसरा महत्त्व यह भी है कि हम राष्ट्र एवं विश्व हित के लिए शोध कार्य कर सकते हैं, जैसे वृष्टि, भूकम्पादि उत्पातों की पूर्व सूचना, अनिष्टों का परिहार राष्ट्र हित के लिए हो सकता है न कि सामान्य मानव के लिए। यदि हम समष्टि हित लक्षीकृत्य विचार करते हैं तो संहिता स्कन्ध का महत्त्व सर्वाऽतिशायी होता है।

उपलब्ध संहिता ग्रन्थ

प्राय: सभी विद्वानों का अनुमान है कि अष्टादश ज्योतिष शास्त्र प्रवर्त्तकों * के भिन्न-भिन्न संहिता ग्रन्थ थे परन्तु उन ऋषि प्रवरों के मध्य में केवल गर्ग, पराशर, वसिष्ठ, कश्यप नारदादि ऋषियों के संहिता ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं शेष उपलब्ध नहीं होते। आचार्य वराहमिहिर द्वारा विरचित वाराही संहिता भी सुलभता से उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जैन आचार्यों द्वारा सम्पादित भद्रवाहु संहिता भी उपलब्ध है।

वृहत्संहिता के अतिरिक्त नारदादि की कुछ संहितायें मुद्रित रूप में सुलभ है परन्तु अन्य संहिता ग्रन्थ नहीं। अत: मैंने वृद्धवसिष्ठ संहिता का हस्त लेखों के आधार पर समीक्षात्मक सम्पादन किया तथा प्रयास किया कि शुद्ध पाठ पाठकों तक पहुँचे।

आधार ग्रन्थ एवं हस्तलेखों का परिचय

वसिष्ठसंहिता मुम्बई नगर से 'खेमराजकृष्णदास' द्वारा संवत् १९७२ में एक बार मुद्रित हुई थी। उसी ग्रन्थ का पाठ आधार रूप में गृहीत किया। यद्यपि इस ग्रन्थ में प्रायश: संशोधित पाठ ही लिया गया फिर भी बहुत से स्थलों पर हस्तलेखों के आधार पर परिवर्तन एवं संशोधन भी किया गया है।

जम्मू नगरस्थ श्रीरघुरनाथानुसन्धान पुस्तकालय से दो हस्तलेख प्राप्त हुए तथा एक सरस्वती विद्यामन्दिर रामनगर वाराणसी से प्राप्त हुआ। यद्यपि यह हस्तलेख अपूर्ण है परन्तु इसका पाठ अतीव शुद्ध एवं प्रमाणिक है। इस प्रकार

---

* **सूर्यः पितामहोव्यासोवसिष्ठोऽत्रिः पराशरः।
कश्यपो नारदो गर्गो मरीचिर्मनुरङ्गिरा॥
लोमशः पौलिशश्चैव च्यवनो यवनो भृगुः।
शौनकोऽष्टादशाश्चैते ज्योतिः शास्त्र प्रवर्त्तकाः॥**

तीन हस्तलेख एवं एक मुद्रित पुस्तक को लेकर पाठ शुद्ध किया। स्थान स्थान पर 'जगन्मोहनम्' ग्रन्थ का पाठान्तर भी दिया गया है क्योंकि इस पुस्तक में वृद्धवसिष्ठ संहिता के बहुत से श्लोक उपलब्ध हैं। इसी प्रकार मुहूर्त्तचिन्तामणि की पीयूषधारा टीका में भी वृद्धवसिष्ठ संहिता के अनेकों श्लोक उधृत हैं अतः पाठान्तर करने से पाठ में शुद्धता हुई।

(ज१) जम्मू में श्रीरघुनाथानुसन्धान पुस्तकालय से हस्तलेख
ग्रन्थ संख्या २८६१
पत्र संख्या २५२
पृष्टे पंक्ति संख्या १३
पंक्ति में अक्षर संख्या ३८
आधार – कर्गज
लिपि – देवनागरी
लेखन काल – वि.सं. १९२७
लेखक – श्री वसिष्ठऋषि
प्रतिलिपिकार – श्री लक्षमणाचार्यः

(ज2) ग्रन्थ संख्या ४३६८
पत्र संख्या ५८
पृष्टे पंक्ति संख्या १४
पंक्ति में अक्षर संख्या ३९
आधार – कर्गज
लिपि – देवनागरी
लेखनकाल – वि.सं. १९३५
लेखक – श्री वसिष्ठऋषि
प्रतिलिपिकार – श्री लक्षमणाचार्यः

(वा.) ग्रन्थ संख्या ....
पत्र संख्या ९७
पृष्टे पंक्ति संख्या ९
पंक्ति में अक्षर संख्या ३७

आधार – कर्गज

लिपि – देवनागरी

लेखनकाल – ....

लेखक – श्री वसिष्ठऋषि

प्रतिलिपिकार – ....

(मु.पु.) वसिष्ठ संहिता मुद्रित ग्रन्थ

सम्पादकः – पं. शिवदुलारे वाजपेयी

प्रकाशन वर्ष – संवत् १९७२ शके १८३७

प्रकाशकः – लक्ष्मी वैंकटेश्वर प्रैस, कल्याण, मुंबई

(ज.मो.) जगन्मोहनम्, भट्टलक्ष्मणाचार्य विरचित

सम्पादकः – ज्योतिषाचार्य पं. देवीप्रसाद लंसाल

प्रकाशकः – श्री ५ सर्वकार पुरातत्व संस्कृति विभाग
नेपालराष्ट्रिय पुस्तकालय

प्रकाशन वर्ष – संवत् २०२० विक्रमी

(पी.यू.धा.टी.) पीयूषधारा टीका

टीकाकार – पं. गोविन्द दैवज्ञ

प्रकाशन – मोतीलालबनारसी दास

सम्पादक – पं. श्री केदारदत्त जोशी

प्रकाशन वर्ष – १९७२-१९७९

पाठ संवादार्थ गृहीत नियम

भण्डारकर रिसर्च इंस्टीच्यूट पूना, सर्वभारतीय काशी राजन्यास द्वारा गृहीत सारिणी का अनुसरण करके मैंने पाठान्तर किया है, प्रत्येक अध्याय के पश्चात पाठान्तर दिया भी गया है, अपनी बुद्धि के अनुसार शुद्ध पाठ निर्धारित किया है, सुविधा के लिए पाठान्तर के अन्त में कोष्टक में शुद्ध पाठ भी लिख दिया है। श्लोकों को पंक्ति के अनुसार निर्देश किया गया है, जैसे–

अ = प्रथम पंक्तिः, व = द्वितीय पंक्तिः, स = तृतीय पंक्तिः तथा द = चतुर्थ पंक्तिः।

इसी प्रकार जिस श्लोक की पंक्ति में जो पाठान्तर या अधिक पाठान्तर उपलब्ध हुए उनका वर्णन श्लोक संख्या, पंक्ति संख्या एवं पाण्डुलिपि संख्या अनुसार दिया गया है। उदाहरणार्थ–

अभिषेके नृपतीनां साहस कर्मादि वैरोधम्।
आकार धातु वादाद्यखिलं मेषोदये कार्यम्॥१॥

१(ब) ज1, ज2, कर्माणि (कर्मादि)

१(व) मु.पु. आकर धातु, वा आकाश वातु (आकार धातु)

यहाँ पर मूल पाठ के अतिरिक्त प्रसङ्गानुकूल पाठ मिला तो उस पाठ को भी मूल पाठ में दिया हुआ है। यदि मूल पाठ से न्यूनपाठ पाण्डुलिपि में जहाँ–जहाँ मिला वहाँ–वहाँ 'पाठोनाऽस्ति' लिखा गया है। अध्याय के अन्त में पुष्पिका का पाठ भी दिया है पुष्पिकाओं के मध्यम में जो पाठान्तर उपलब्ध हुआ वह भी लिख दिया है।

हस्तलेखों का बाहुल्य नहीं था केवल मात्र तीन हस्त लेख तथा एक मुद्रित पुस्तक उपलब्ध हुई अतः मुद्रित पुस्तक के पाठ को आधार पाठ स्वीकार करके जिस पाठ में प्रासङ्गिकता मिली उसी पाठ को मूल पाठ में स्वीकार किया। कहीं–कहीं अन्य ग्रन्थों में उपलब्ध वृद्धवसिष्ठसंहिता का पाठ भी पाठ शुद्धि में सहायक हुआ। पाठान्तर में उन श्लोकों का व्यवहार भी किया। जहाँ–जहाँ संदिग्ध पाठ का निर्णय यथामति करके मूल पाठ में स्थापित कर पाठान्तर में दे दिया है इसका निर्णय स्वयं विद्वान लोग कर सकते हैं।

वसिष्ठ संहिता का परिचय

संहिता ग्रन्थों में 'वृद्धवसिष्ठ संहिता' का प्रमुख स्थान है। इस ग्रन्थ में प्रायशः संहिता पदार्थों का सम्यगतया विवेचन किया गया है। इस ग्रन्थ की रचना स्वयं महर्षि वसिष्ठ ने की है अतः आर्ष ग्रन्थ के रूप में इस ग्रन्थ की प्रतिष्ठा है। यह पूर्णतया सुप्रसिद्ध है कि महर्षि वसिष्ठ का नाम ज्योतिष शास्त्र के अष्टादश प्रवर्त्तकों में आता है। इस ग्रन्थ में (४६) छियालीस अध्याय हैं। अध्यायों का विभाजन एवं विषय विभाजन क्रम से सुव्यवस्थित रूप में किया गया है। संक्षेप में अध्यायों का विवरण लिखते हैं। शास्त्र स्वरूपाध्याय से दशम

अध्याय पर्यन्त ग्रहों का चार, एकादश अध्याय से षोडश अध्याय पर्यन्त पञ्चांग निरूपणम्, सप्तदशाध्याय में मुहूर्त्त कथन, अष्टदशाध्याय में विविध दानमन्त्र और उनका विधान, उन्नीसवें अध्याय में संक्रान्ति निरूपन एवं फलकथन, वीसवें अध्याय में चन्द्रतारा बल कथन, इक्कीसवें अध्याय में उत्पात फल, तेइसवें अध्याय में ग्रहकूट, तेइसवें अध्याय में लग्न बलाबल, चौवीसवें अध्याय से बत्तीसवें अध्याय पर्यन्त गर्भाधान से लेकर विवाहादि संस्कारों का विवेचन है, तैंतीसवें अध्याय में राजाभिषेक, चौतीसवें अध्याय में अश्वों का विवेचन, पैंतीसवें अध्याय में गजारिष्ट शान्ति, छत्तीसवें अध्याय में ग्रहण शान्ति, सैंतीसवें अध्याय में यात्रा मुहूर्त्त, अठतीसवें अध्याय में गृहप्रवेश, उन्नतालीसवें अध्याय में वास्तुविवेचन, चालीसवें अध्याय में देवप्रतिष्ठा, इकतालीसवें अध्याय में गुणनिरूपण, वयालीसवें अध्याय में दोष-निरूपण, शान्ति विधान, तैंतालीसवें में गुणदोषापवाद कथन, चौआलीसवें में वस्त्रपरिधान, पंचतालीसवें में उत्पात शान्ति, छयालीसवें में रोगोत्पत्ति विवेचन और शान्ति विधान मिलते हैं। इस प्रकार छयालीस अध्यायों में ग्रन्थ की समाप्ति हो जाती है। इस ग्रन्थ में प्रयुक्त श्लोक एवं विषय आर्ष हैं तथा स्वयं महर्षि वसिष्ठ द्वारा प्रणीत हैं। इस ग्रन्थ पर अन्य ऋषियों और आचार्यों का प्रभाव नहीं है अपितु प्रायश: सभी आचार्यों ने तथा समकालीन पराशरादि ऋषियों ने भी वसिष्ठऋषि के श्लोकों एवं मतों को अपने-अपने ग्रन्थों में उधृत किया है अत: इस ग्रन्थ की प्राचीनता आर्षत्व स्वयमेव सिद्ध हो जाता है।

ग्रन्थ की विशेषता

वृद्ध वसिष्ठसंहिता के छयालीस अध्याय हैं सभी अध्यायों के अनुसार श्लोकों की पूर्ण संख्या २६१६ बनती है। सभी विषय मौलिक, श्लोक आर्ष और ब्रह्मर्षि वसिष्ठ द्वारा प्रणीत हैं। ग्रन्थ की भाषा सुस्पष्ट और सरल है विषयों के विवेचन में भाषा में कोई कठिनाई कहीं भी प्रतीत नहीं होती।

संहिता ग्रन्थों में जो प्रतिपाद्य विषय होते हैं उन सभी विषयों का समावेश वृद्धवसिष्ठसंहिता में नहीं मिलता और जो विषय इस संहिता में दिये गिए हैं वे पूर्णतया स्पष्ट हैं। पञ्चाङ्ग परिचय भी दिया हुआ है, तिथि, वार, योग, नक्षत्र तथा करणात्मक पाँचों अङ्गों का विवेचन इस ग्रन्थ की विशेषता है।

मुहूर्त्तों का सम्बन्ध संहिता ग्रन्थों के साथ पुराना था परन्तु आधुनिक संहिता ग्रन्थों में मुहूर्त्तों का अवलोकन नहीं कर सकते परन्तु वृद्ध वसिष्ठ संहिता में मुहूर्त्ताध्याय नामक एक स्वतन्त्र अध्याय है तथा मुहूर्त्तों के अङ्गभूत सङ्क्रान्तियों, उपग्रहदोषों, ग्रहकूटों, षोडश संस्कारों का पृथक्-पृथक् अध्याय रूप में वर्णन विस्तार से किया गया है यह इस ग्रन्थ की एक सर्वोत्तम विशेषता है। सूर्यादि नवग्रहों का विवरण पुरस्सर गोदानादि विधि मन्त्रों का उल्लेख भी उपलब्ध है कुछ होरा शास्त्रीय विषयों का प्रतिपादन भी किया गया है जैसे चन्द्र ताराबल, द्वादश राशियों का बलकथन गोचरफल इत्यादि। विवाह संस्कार का अत्यन्त विस्तृत विवेचन इस ग्रन्थ की विशेषता में चार चान्द लगा रहा है। विवाहाध्याय में प्रायश: सभी प्रमुख दोषों का विवेचन, त्याज्य दोषों का परिहार, अष्टकूटों के अतिरिक्त, जाति गोत्र, पक्षी आयादि कूटों का विवेचन, यात्रा मुहूर्त्तों के लिए एक स्वतन्त्राध्याय बनाकर, तीन प्रकार की यात्राओं का शास्त्रीय विवरण भी दिया गया है।

सुरप्रतिष्ठा, गुणदोषयोर्निरूपण, उत्पातादि विषयों का सफल विवेचन इस ग्रन्थ में दिखाई देता है। संहिता ग्रन्थों की प्रासंगिकता रूप में वास्तुप्रकरण, वास्तु प्रकरण इतना सन्तोषप्रद नहीं जितना होना चाहिए यद्यपि इस प्रकरण में कुछ नूतन महत्वपूर्ण विषय दिये गए हैं।

अत: वृद्धवसिष्ठासंहिता का संहिता ग्रन्थों में एक समुन्नत स्थान है। इसकी शास्त्रीय विशेषता ही नहीं अपितु ऐतिहासिक महत्त्व भी है इस कारणवश इस ग्रन्थ का सम्पादन एवं हिन्दी रूपान्तर करने का विचार मेरे मन में आया– प्रस्तुत ग्रन्थ तेईसवें अध्याय तक पाठान्तर एवं हिन्दी रूपान्तर सहित प्रस्तुत है २४ से ४६ अध्यायों का द्वितीय भाग शीघ्र ही प्रकाशित होगा।

अत्यन्त प्रयास से वृद्धवसिष्ठ संहिता के विभिन्न हस्तलेखों तथा मुद्रित पुस्तक का विभिन्न-विभिन्न स्थानों से संकलन करके अपनी अल्पबुद्धि से पाठ का चयन करके शुद्ध श्लोकों का गुम्फन मैंने किया है। इस ग्रन्थ के रचना काल के सन्दर्भ में कोई चिन्तानावसर मैंने नहीं देखा क्योंकि सर्वत्र ब्रह्मर्षि वसिष्ठ का नामोल्लेख बार-बार विभिन्न ग्रन्थों एवं टीकाओं में उपलब्ध होता रहा इसलिए आर्ष रूप में इस ग्रन्थ की महिमा को समझते हुए काल विवेक

को मैंने परित्यक्त कर दिया। यहीं कहीं भी पाठनिर्धारण करने में प्रमादवश भ्रान्ति या अनुचित पाठ गृहीत हुआ हो तो अध्याय के अन्त में दिए हुए पाठान्तर से विद्वानों को संशोधन का अवकाश प्राप्त है नीरक्षीर विवेकी चतुर विद्वान मेरे इस प्रयास से सन्तुष्ट होंगे ऐसा मेरा विश्वास है।

इस शोधकार्य में जिन-जिन विद्वानों की सहायता प्राप्त हुई उनके प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन करना चाहता हूँ। ज्योतिष एवं संस्कृत के लिए देश विदेशों में सर्वोत्तम योगदान देने हेतु राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, संस्कृत विद्याधर्म विज्ञान सङ्काय प्रमुख चर परम पूज्य गुरुजी प्रो. रामचन्द्र पाण्डेय जी के प्रति श्रद्धापूर्वक कृतज्ञता ज्ञापन करता हूँ जिनके कुशल निर्देशन में यह कार्य करने में समर्थ हुआ।

मेरे प्रेरणा स्रोत दैवज्ञ केसरि राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान श्रीरणवीर परिसर ज्योतिष विभाग के अध्यक्षचर परमपूज्य गुरु जी डॉ. विहारिलाल वसिष्ठ जी का हार्दिक धन्यवाद करते हुए सन्तोषानुभूति हो रही है, उन्होंने वास्तव में मुझे संस्कृत एवं ज्योतिष पढ़ने की प्रेरणा दी और मेरी हर प्रकार से सहायता की, मैं सदैव आपका आभारी रहूँगा। गोब्राह्मण प्रतिपालक सन्तशिरोमणि श्री प्रभुदास जी जो मेरे धर्मगुरु हैं उनको नतमस्तक होकर प्रणाम करते हुए शुभाशीर्वाद की निरन्तर कामना करता हूँ। परम श्रद्धेय गुरुकल्प पूज्य पिता जी पं. रामेश्वर दत्त रैणा एवं पूज्या माताश्री श्रीमती शान्ति देवी जी को प्रणामाञ्जलि समर्पण करता हूँ जिनके शुभाशीर्वाद से अध्ययन में प्रवृत्ति हुई तथा सभी कार्य सम्पन्न हुए। विविध प्रकार से सहायता देने वाले ठा. दिवाकर सिंह एवं रानी साहिवा श्रीमती सरोज देवी जी को शुभकामनाएँ अर्पित करते हुए शुभाशीर्वाद भी देता हूँ भगवान श्री रघुनाथ सदैव आप पर कृपालु रहें। इस कार्य में विभिन्न प्रकार से सहायता देने वाले मेरे दोनों अनुजों को श्रीमती एवं श्री शिवप्रसाद रैणा तथा श्रीमती एवं श्री रवीन्द्र रैणा परिवार सहित आशीर्वाद देते हुए इनकी सफलता की कामना करता हूँ।

टीका का नाम नारायणी टीका क्यों रखा? यह नाम मेरे पूज्यपिता जी द्वारा मेरी पत्नी को दिया गया था वे इसकी योग्यता और स्वभाव से अत्यन्त प्रसन्न होते थे। इस कार्य की सम्पन्नता हेतु मुझे विशेष योगदान देने के लिए अपनी

सद्भार्या श्रीमती कमलेश रैणा को शुभाशीर्वाद देते हुए श्री रघुनाथ जी से प्रार्थना करता हूँ कि हमारा प्रेमभरा सफर चलता रहे और हमारे कार्य सिद्ध होते रहें।

मेरे सुपुत्र चिरंजीवी पीयूष रैणा एवं पुत्र वधु सौभाग्यवती प्रिया रैणा और पौत्र श्रीरघुवर रैणा तथा सुपुत्री कुमारी महिमा रैणा इन सब को मेरा साधुवाद शुभाशीर्वाद।

वाराणसी के सुप्रसिद्ध प्रकाशक चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस ने इस ग्रन्थ को प्रकाशित किया अतः आप धन्यवाद के पात्र हैं।

मेरे प्रिय श्री राजैन्द्र सौगुणियाँ जी ने टंकन कार्य में श्रम तथा निष्ठा से सहायता की आपका हृदय से आभार प्रकट करते हुए मङ्गलकामना करता हूँ।

अनवधानवश अथवा मुद्रण दोष से कहीं कोई त्रुटि रह गई हो तो पण्डितगण निष्पक्ष रूप से सुधार करके मुझे सूचित करें ताकि अग्रिम संस्करण में पुनः शुद्ध करके विद्वान सज्जनों के सामने प्रस्तुत कर सकूँ। कहा भी है-

गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः॥

(विदुषां वशंवदः)
चन्द्रमौलि रैणा

विषयानुक्रमणिका:

अध्याय:	पृष्ठांक:
१. अथ शास्त्रस्वरूपाध्याय:	१-६
२. अथार्कचाराध्याय:	७-१६
३. अथ चन्द्रचाराध्याय:	१७-२५
४. अथ भौमचाराध्याय:	२६-३३
५. अथ बुधचाराध्याय:	३४-४१
६. अथ गुरुचाराध्याय:	४२-९०
७. अथ शुक्रचाराध्याय:	९१-९८
८. अथ शनिचाराध्याय:	९९-१०१
९. अथ राहुचाराध्याय:	१०२-१२६
१०. अथ केतुचाराध्याय:	१२७-१४७
११. अथ वर्षेशादिनिर्णयफलाध्याय:	१४८-१६५
१२. अथ तिथिस्वरूपाध्याय:	१६६-१८९
१३. अथ वारस्वरूपाध्याय:	१९०-२००
१४. अथ नक्षत्रस्वरूपाध्याय:	२०१-२३८
१५. अथ योगाध्याय:	२३९-२४९
१६. अथ करणाध्याय:	२५०-२५६
१७. अथ मुहूर्ताध्याय:	२५७-२५९
१८. अथ गोचरविचाराध्याय:	२६०-२९८
१९. अथ सङ्क्रान्त्याध्याय:	२९९-३०८
२०. अथ चन्द्रताराबलाध्याय:	३०९-३१२
२१. अथोपग्रहाध्याय:	३१३-३१५
२२. अथ ग्रहकूटाध्याय:	३१६-३१८
२३. अथ लग्नबलाध्याय:	३१९-३३०

वृद्ध-वसिष्ठ संहिता

१

अथ शास्त्रस्वरूपाध्यायः

प्रह्वोऽम्भोजभवामरेन्द्रनिकरस्फूर्जत्किरीटोज्वल-
ज्ज्योत्स्नालीढपदारविन्दयुगलस्तत्वस्वरूपो रविः।
ब्रह्माण्डोदरसंस्थिताखिलजगत्तद्ध्वान्तविध्वंसनं
यः कुर्वन्निखिलं जगत्प्रतिदिनं पर्य्येति कालात्मकः॥१॥

नारायणी टीका–देदीप्यमान मुकटों की उज्जवल कान्ति एवं संदीप्त चरण-कमलों से युक्त कमलोत्पन्न ब्रह्मा, इन्द्रादि देवताओं के समूह, समस्त जगत् की प्रतिदिन परिक्रमा कर ब्रह्माण्ड के उदर में स्थित समस्त संसार के अन्धकार को नष्ट करते रहने वाले, काल-तत्वस्वरूप श्री सूर्यनारायण के सम्मुख प्रणामार्थ नतमस्तक हैं॥१॥

ज्योतिः शास्त्रं समग्रं प्रथमपुरुषतः स्वर्णगर्भाद्विदित्वा।
पूर्वं ब्रह्मा ततोपर्यखिल-मुनिगण-प्रार्थनाद्यच्चकार॥
तच्चेदं सुप्रसन्नं मृदुपदनिकरैर्गुह्यमध्यात्मरूपं।
शश्वद्विश्वप्रकाशं ग्रहचरितविदां निर्मलं ज्ञानचक्षुः॥२॥

हिरण्यगर्भ भगवान् श्रीसूर्यनारायण जी से सम्पूर्ण ज्योतिषशास्त्र का ज्ञान सर्वप्रथम ब्रह्मा जी ने प्राप्त किया। तदनन्तर उन्होंने समस्त मुनिवृन्द द्वारा प्रार्थना किये जाने पर निरन्तर विश्व प्रकाशक अत्यन्त गुप्त उक्त अध्यात्म विद्या को मृदुपद समूह सहित अत्यन्त प्रसन्नभाव से ग्रह चरित के ज्ञाता दैवज्ञों के लिए प्रकाशित किया, यह शास्त्र वस्तुतः ग्रहचरित दैवज्ञों के हेतु निर्मल ज्ञान चक्षुस्वरूप है॥२॥

स्कन्धद्वयं वृत्तविचित्रमर्थगम्भीरमादावधुना यदुक्तम्।
तत्संहितास्कन्धमिदं तृतीयं वक्ष्ये जगन्मोहननामधेयम्॥३॥

पूर्वोक्त विचित्र छन्दोगर्भित, गम्भीर अर्थों से युक्त (होरा, सिद्धान्त) दो स्कन्धों के पश्चात् मैं अब जगन्मोहन नामक तृतीय संहिता स्कन्ध का वर्णन कर रहा हूँ॥३॥

क्रतुक्रियार्थं श्रुतयः प्रवृत्ताः कालाश्रयास्ते क्रतवो निरुक्ताः।
शास्त्रादमुष्मात्किल कालबोधो वेदांगताऽमुष्य ततः प्रसिद्धा॥४॥

वेदों का प्रवर्त्तन यज्ञ-क्रियाओं के सम्पादनार्थ हुआ। वे यज्ञ काल के आश्रित कहे जाते हैं और काल इस ज्योतिष शास्त्र से जाना जाता है। इसलिये इस शास्त्र का वेदाङ्गत्व इसी से सिद्ध है।।४।।

छन्दः पादौ शब्दशास्त्रं च वक्त्रं कल्पः पाणी ज्योतिषं चक्षुषी च।
शिक्षा घ्राणं श्रोत्रमुक्तं निरुक्तं वेदस्याङ्गान्याहुरेतानि षट् च।।५।।

वेद के ये छह अङ्ग निम्नाङ्कित हैं यथा छन्द:शास्त्र को वेद का पाद, व्याकरण को मुख, कल्पशास्त्र को हाथ, ज्योतिषशास्त्र को नेत्र, शिक्षा को नाक एवं निरुक्त को कान कहा है।।५।।

सिद्धान्तः संहिता होरारूपं स्कन्धत्रयात्मकं
वेदस्य निर्मलं चक्षुःज्योतिः शास्त्रमनुत्तमम्।।
अस्य शास्त्रस्य सम्बन्धो वेदाङ्गमिति कथ्यते।
अभिधेयं च जगतः शुभाशुभनिरूपणम्।।

(नारदसंहितायांप्रथमाध्याये श्लोक ४-५)

वेदस्य चक्षुः किलशास्त्रमेतत्प्रधानतांगेषु ततोऽस्य जाता।
अङ्गैर्युतोऽन्यैः परिपूर्णमूर्तिश्चक्षुर्विहीनः पुरुषो न किञ्चित्।।६।।

इस प्रकार वेदाङ्गों में प्रधान माने जाने वाले ज्योतिषशास्त्र को वेदों का निर्मल चक्षु:स्वरूप कहा जाता है। जैसे सर्वाङ्ग सम्पूर्ण मूर्ति होने पर भी कोई नेत्रहीन पुरुष अकिंचन ही होता है।।६।।

अध्येतव्यं ब्राह्मणैरेव तस्माज्ज्योतिःशास्त्रं पुण्यमेतद्रहस्यम्।
एतद् बुध्वा सम्यगाप्नोति यस्मादर्थं धर्मं मोक्षमग्र्यं यशश्च।।७।।

पुण्यमय, रहस्यमय ज्योतिषशास्त्र का अध्ययन ब्राह्मणों को ही करना चाहिये; क्योंकि धर्म, अर्थ, मोक्ष एवं सर्वोत्तम यश की प्राप्ति इस शास्त्र को भली-भाँति जानने से ही सम्भव है।।७।।

श्रुतिस्मृतिज्ञः पटुरर्थशास्त्रे शब्दोपदिष्टः कुशलः कलासु।
त्रिःस्कन्धविज्ज्योतिषिकः सुवेषः कुली सुवृत्तस्त्वगदः सुशीलः।।८।।

श्रुतिस्मृति का ज्ञाता, अर्थशास्त्र में निपुण, व्याकरणशास्त्र का उपदेष्टा, अखिल कलाओं में कुशल, सुन्दर वेषयुक्त, कुलीन सदाचारी, आरोग्य सम्पन्न और शीलयुक्त त्रिस्कन्ध शास्त्र को जानने वाले व्यक्ति को ही श्रेष्ठ ब्राह्मण (दैवज्ञ) माना जाता है।।८।।

अध्येतव्यं द्विजैर्यत्नात् पुण्यमायुर्यशस्करम्।
पुण्यकालपरिज्ञानादश्वमेधफलं लभेत्।

पुण्यकालं च यो वेत्ति स तु वेत्ति परांगतिम्।
कालज्ञानेऽतिकुशलं तद्देवा ब्राह्मणं विदुः।।
(कश्यपसंहितायां प्रथमाध्याये श्लोक २१-२२)

त्रिस्कन्धपारङ्गम एव पूज्यः श्राद्धे सदा भूसुरवृन्दकाद्यैः।
नक्षत्रसूची किल पापरूपो हेयः सदा सर्वसुधर्मकृत्ये।।९।।

मण्डलाग्रगण्य प्राचीन विद्वानों ने त्रिस्कन्ध ज्योतिषशास्त्र पारङ्गत विद्वान् को ही श्राद्ध में सर्वश्रेष्ठ पंक्ति पावन एवं पूज्य स्वीकार किया है। इसके विपरीत समस्त धर्मकृत्यों में सदा नक्षत्र सूचक (ज्ञानरहित) को पाप स्वरूप एवं सर्वदा हेय (वर्जित) माना गया है।।९।।

शास्त्रस्वरूपग्रहचारमानप्रत्येकपञ्चाङ्गफलं क्षणाख्याः।
गोचारसङ्क्रान्ति निशीशताराबलोपखेटग्रहकूटभाश्च।।१०।।

(यहाँ) ज्योतिषशास्त्र का स्वरूप, ग्रहचार, नवविधमान, पञ्चापङ्गफल, मुहूर्त, गोचर, सङ्क्रान्ति, चन्द्रबल, ताराबल, उपग्रह ग्रहकूट राशिकूट (लग्नबल)।।१०।।

नारद संहिता में प्रतिपाद्य विषय–

संज्ञान्युक्तानि सर्वाणि सम्यक् ज्ञात्वा पृथक् पृथक्।
शास्त्रोपनयनाध्यायो ग्रहचारोऽब्दलक्षणम्।।१०।।
तिथिर्वारश्च नक्षत्रं योगः तिथ्यर्द्धसंज्ञकम्।
मुहूर्तोपग्रहोऽर्कस्य संक्रान्तिर्गोचरस्तथा।।११।।
चन्द्रताराबलाध्यायः सर्वलग्नार्त्तवाह्वयः।
आधानपुस्त्वंसीमन्तो जातनामान्नभुक्तयः।।१२।।
चौलाङ्कुरोप मौंजीछुरिकाबन्धने क्रमात्।
समावर्तनवैवाहप्रतिष्ठाः सद्मलक्षणम्।।१३।।
यात्राप्रवेशनं सद्यो वृष्टिकूर्म विलक्षणम्।
उत्पातलक्षणं शान्तिर्मिश्रकं श्राद्धलक्षणम्।।१४।।
सप्तत्रिशद्भिरध्यायैर्नारदीयाख्य संहिता।
य इमां पठ्यते भक्त्या स दैवज्ञो हि दैववित्।।१५।।
(नारदसंहितायां प्रथमाध्याये श्लोक १०-१५)

आधानपुंसवनमष्टममङ्गलं यत्सञ्जातकर्मवरनामनवान्नभुक्तिः।
चूडाविधिव्रतविवाहनृपाभिषेकयात्राप्रवेशनववास्तुसुरप्रतिष्ठाः।।११।।

गर्भाधान, पुंसवन, अष्टममङ्गल (सीमन्त), जातकर्म, नामकरण, नवान्न प्राशन, चूडाकर्म, व्रतबन्ध, विवाह, राज्याभिषेक, यात्रा, त्रिविधप्रवेश, नववास्तु, सुरप्रतिष्ठा।।११।।

काश्यपसंहिता में प्रतिपाद्य विषय-

स्कन्धत्रयात्मकं शास्त्रमाद्यं सिद्धान्तसंज्ञकम्।
द्वितीयं जातकस्कन्धं तृतीयं संहिताह्वयम्।।४।।
ग्रहाणां मध्यमाभुक्तिः स्फुटभुक्तिरनन्तरम्।
दिक्साधनं ततश्छाया लग्नकाल विनिर्णयः।।५।।
चन्द्रार्कग्रहणं सम्यक् तयोश्च परिलेखनम्।
समागमो युद्धभेदो भद्रहाणां युतिस्तथा।।६।।
उदयास्तमयज्ञानं चन्द्रशृङ्ग नतोन्नतिः।
पात वैधृतयोर्भेदौ भूगोलं यन्त्रलक्षणम्।।७।।
मानक्रियामानभेदाश्चाद्य स्कन्धे प्रकीर्तिताः।
राशि भेदः खेटयोनिर्वियोनिर्जन्मलक्षणम्।।८।।
निषेको जननं पुंसामरिष्टं भङ्गलक्षणम्।
आयुर्दायो दशाभेदा भेदाश्चान्तर्दशासु च।।९।।
अष्टवर्गः कर्मजीवो राजयोगा अनेकशः।
चन्द्रयोगा द्विग्रहाद्याः प्रव्रज्यायोसम्भवा।।१०।।

गुणदोषयोर्निरूपणमुभयोरपवादमंबरोत्पातौ ।
अखिलोत्पातप्रशमनशान्तिकमिश्राख्यपैत्रिकाध्यायाः।।१२।।

गुणदोषनिरूपण, अपवाद, त्रिविधोत्पात, अखिलोत्पात, शान्तिमिश्रित पैतृकाध्याय पर्यन्त।।१२।।

राशिशीलं दृष्टिफलं ग्रहभावफलं ततः।
आश्रायाख्याश्च ये योगा योगाः संकीर्णसम्भवाः।।११।।
स्त्रीजातकं नष्टयोगं निर्याणं नष्टजातकम्।
द्रेष्काणश्च क्रिया योगा द्वितीयस्कन्धसम्भवाः।।१२।।
आदौ शास्त्रोपनयनं खेट चारोऽब्दलक्षणम्।
तिथिवासर-नक्षत्र-योगतिथ्यर्धलक्षणम्।।१३।।
मुहूर्तोपग्रहः सूर्यसंक्रान्तिर्गोचरक्रमः।
चन्द्रतारा बलैश्चैव क्रियाः षोडशकर्मणाम्।।१४।।
छुरिकाबन्धनं यात्रा प्रवेशो वास्तुलक्षणम्।
नृपाभिषेचनं देव प्रतिष्ठावस्त्रलक्षणम्।।१५।।
अग्न्याधानं मेघगर्भं निखिलोत्पातलक्षणम्।
तच्छान्तिर्मिश्रकाध्यायस्तृतीय स्कन्धसंभवाः।।१६।।

(कश्यपसंहितायां ४-१६, १-४-१६)

पञ्चोत्तरचत्वारिंशद्विपुलाध्यायैर्विराजते स्कन्धः।
अज्ञाज्ञानोपशमनमितरेषां बुद्धिवर्द्धनं नित्यम्॥१३॥

विपुलकाय पैंतालीस (४५) अध्यायों से सम्पन्न संहिता स्कन्ध प्रस्तुत है, जो अज्ञानी जनों के अज्ञानान्धकार को शमन करने में समर्थ एवं अधीत विद्वानों के लिए नित्यबुद्धिवर्धक है॥१३॥

॥इति श्रीवृद्धवसिष्ठब्रह्मर्षिविरचितायां संहितायां शास्त्रस्वरूपाध्यायः प्रथमः॥१॥

॥वृद्ध वसिष्ठसंहिता के शास्त्रस्वरूपाध्याय की 'नारायणी' हिन्दी टीका सम्पूर्ण॥१॥

पाठान्तरम्

१(अ) ज१—प्रह्वस्तोज्यसुरासुरेन्द्र ज२—प्रह्वांभोज्यसुरासुरेन्द्र, वा.—प्रह्वांभोज्य-सुरासुरेन्द्र, ज.मो. प्रह्वांभोज (प्रह्वोऽम्भोजभावमरेन्द्र)

ज१—स्फूर्यकिरीटीज्वलत्, ज२—स्पुःर्युकिरीटोज्वलत्, ज.मो.—स्पूर्जकिरीटोज्वलत्, वा.—सूर्तेत्किरिटोज्वले (स्फूर्जत्किरीटोज्वलत्)

१(ब) ज१, ज२ ज.मो, ज्योत्सना, वा.—ज्गेत्स्ना (ज्योत्सना)

१(स) ज१—बह्मांडोदर, ज२—ब्रह्मांडोदर (बह्माण्डोदर)

१(स) ज१—ध्वांतस्यध्वशनं, ज२—ध्वांतस्यसंध्वंसनां, ज.मो.—ध्वांतस्यविध्वंसनं, वा.—जगध्वांसतस्यांविध्वंसंनं (जगत्तद्धवान्तविध्वंसनं)

१(द) ज१—कुर्वत्तिखिलं, ज२—ऊर्ध्वेनिखलं (कुवन्निखिलं)

१(द) ज१—अमत्यपनुदिनं पंर्यति, ज२—जगत्यनुदिनं, ज.मो.—जगत्प्रतिदिनं पर्यति, वा.—जगत्यनुदितर्येति (जगत्प्रतिदिनं पर्य्येति)

२(अ) ज२—सुर्ण (स्वर्ण)

२(ब) ज१—पूर्वेब्रह्मांतथोर्यखिलं, ज२—पूर्वेवलात तथो पर्याखिला वा.पूर्वब्रह्माततोपर्यखिल (पूर्वब्रह्माततोपर्यखिल)

ज१—प्रार्थनाय्यंच्चकार, वा.प्रार्थनायच्चकार (प्रार्थनाद्यच्चकार)

२(स) ज२—वक्ष्येदं (तच्चेदं)

२(द) ज१—शश्चद्विश्वं, ज२—शस्वद्विस्व, वा. वद्धिश्वत (शाश्वद्विश्व)

२(स) ज२—वक्ष्येदं (तच्छेदं)

२(ब) ज१—शश्चद्विश्वं, ज२—शस्वद्विस्व, वा. वद्धिश्वत (शाश्वद्विश्व)

३(अ) ज१—वृत्ति (वृत्त), ज१, ज२—वा.—यदुक्ता (यदुक्तम्)

३(ब) ज१—त्रितीयं (तृतीयं), ज२—वक्षे, वा.वुक्ष्ये (वक्ष्ये)

४(ब) ज१—मुढ्यात्खिल, ज२—तस्माक्लि (मुष्मात्किल), ज१, ज२—मुख्यतरा (ऽमुष्यततः)

५(अ) ज१, वक्रं ज२—वत्तमां (वक्त्रं), ज१—कल्प (कल्प:)

५(ब) ज१—गान्याहुरेतानिषद्ध, ज२—गान्यादुरेतानिषद्ध

वा—वेदस्यागान्याहुरेतानिषट् (वेदास्याङ्गान्याहुरेतानिषट्च)

६(अ) ज२—चक्ष: (चक्षु:) वा. जोता (जाता)

६(ब) वा.—चक्षुर्विहन: (चक्षुर्विहन:) ज.मो. कश्चित (किंचित)

७(ब) ज१—ट्वुध्वा (एतद्बुध्वा), ज१, ज२—मोक्षमेवं मु.पु. मोक्षपत्र्यं (मोक्षमैत्र्ये)

८(अ) ज३—यदुरर्थ (पटुरर्थ) वा.—शास्त्रं (शास्त्रे)

वा.—शब्दोपदेष्ठा (शब्दोपदिष्ट:) ज१—कुशलं (कुशल:)

८(ब) ज२—सुवेद वा.—सुवेश: (सुवेष:) ज१—क्ली (कुली), वा.—शुशील: (सुशील:)

१०(ब) मु.पु. कौटभाश्च (कूटभाश्च)

११(अ) ज१—संजातक, ज२—संजाति (संजात कर्म), ज१—तवान्न (नवान्न)

११(ब) ज१—विर्धिव्रत, ज२—निधिव्रत (विधिव्रत), ज१—प्रतिष्ठा, ज२—प्रतिष्ठा (प्रतिष्ठा:)

१२(अ) ज१—गुणदोषनिरुपयोरूभयोरूपवादनमवरोत्पाता

ज३—गुणदोषनिरूपयोमुभयोरूपवादनमवरोत्पाता

ज१—मिआख्यै (मिश्राख्य)

१२(ब) ज१—पैतृकाध्याया, ज३—यैत्रकाध्याय: (पैत्रिकाध्याय:)

१३(अ) ज१, ज३—विराजिते, वा—विरातते (विराजते)

ज१—अज्ञानमपियुद्धपितरेषां, ज३—अज्ञानमपियुदपिताषां

वा—अज्ञानांज्ञानांज्ञानम् (अज्ञाज्ञानोपशमनमितरेषां)

***

२

अथार्कचाराध्यायः

अथार्कचाराज्जगतः शुभाशुभे न्यूनाधिमासेतरमासनिर्णयः।
उद्वाहसङ्क्रान्तिदिनार्द्ध निश्चयः सर्वप्रपञ्चो भवतीति तद्वशात्।।१।।

नारायणी—सूर्यचार के प्रभाव से ही समस्त जगत् का शुभाशुभ, क्षयमासाधिमास, सौरमास, विवाह, सङ्क्रान्ति दिनार्ध (अभिजित्काल) निर्णय लिये जाते हैं और सभी प्रकार के कर्मकाण्ड सम्बन्धी प्रपञ्च भी सूर्यचाराधीन हैं।।१।।

अथातः संप्रवक्ष्यामि सूर्यचारमुत्तमम्।
सूर्यचारवशादेव निखिलं कालनिर्णयः।।
(क. सं. सूर्यचाराध्याये श्लोक-१)

मकरादिराशिषट्कमुदगयनं कर्कटादिकं याम्यम्।
राशिद्वयार्कभोगात्षड्ऋतवः शिशिरादयः क्रमशः।।२।।

सूर्य के मकरादि ६ राशियों में जाने पर उत्तरायण और कर्कादि ६ राशियों में जाने पर दक्षिणायन होता है। दो-दो राशियों के सौर भोग द्वारा शिशिरादि ६ ऋतुओं का क्रमशः मान होता है।।२।।

सौम्यायनं मासषट्कं मृगाद्यं भानुयुक्तितः।
अहः सुराणां तद्रात्रिः कर्काद्यं दक्षिणायनम्।।
(ना. सं. तृतीयाध्यायेश्लोक-७८)

माघादिमासौ द्वौ द्वौ च ऋतवः शिशिरादयः।
चान्द्रो दर्शावधिः सौरः सङ्क्रान्त्या सावनो दिनैः।।
(ना. सं. ३य-श्लोक-८१)

चैत्रादिमासेन यथा क्रमेण मेषादयो द्वादशराशयः स्युः।
न्यूनाधिमासेषु समागतेषु चलन्ति तेभ्यो नियतं विनाऽपि।।३।।

चैत्रशुक्लादि मान से यथाक्रम मेषादि द्वादश राशियों में सूर्यभ्रमण करता है। न्यूनमास तथा अधिमास का समागम होने पर भी उन राशियों में रवि संचार निर्बाध गति से चलता रहता है (विपरिणामादि कहीं भी नहीं दिखाई देता)।।३।।

अधिमास क्षयमास संसर्प अंहस्पति मासों का निर्णय

सर्वेषु मासेष्वधिमासकः स्यात्तुलादिमासत्रयगः क्षयाख्यः।
संसपर्कः पूर्वभवोऽधिमासः पश्चाद्भवोऽहस्पतिनामधेयः।।४।।

चैत्रादि सभी मासों में अधिमास सम्भव है। तुलादि (कार्तिकादि) तीन मासों में

क्षय संज्ञक मास होता है। पूर्वोक्त पूर्वाधिमास संसर्प कहलाता है तत्पश्चात् क्षयमास अंहस्पति संज्ञक होता है।।४।।

कश्यप संहिता में उपलब्ध पाठ–

संक्रान्तयः स्युर्मेषाद्यश्चैत्रमासादिषु क्रमात्।
नियमेन भवेत्तत्र त्वधिमासे समागते।।
यस्मिन् मासेऽर्कसंक्रान्तिर्दर्शान्तात्प्राक् परापरम्।।
दर्शमुल्लङ्घ्य भवति संसर्पः सोऽधिमासकः।।
आरभ्य शुक्लप्रतिपत् प्रवेशात्संक्रमद्वयम्।।
आगामीन्दुक्षयस्यान्तात् प्राक् न्यूनाख्यस्त्वहस्पतिः।।
न्यूनमासस्तुलाषट्के त्वधिमासस्तु सर्वदा।।
स्फुटार्क संक्रमाद्विन्द्यान्न्यूनमासधिमासकौ।।
(क.सं. सूर्यचाराध्याये-२-५)

यस्मिन्दर्शस्यांतादर्वागेका परा परं दर्शम्।
उल्लंघ्य भवति भानोः सङ्क्रान्तिः सोऽधिमासः स्यात्।।५।।

जिस मास में अमावास्या की समाप्ति के पूर्व ही एक सङ्क्रान्ति हो जाए और दूसरी अमावास्या के पश्चात् सङ्क्रान्ति हो तो वह अधिमास कहलाता है।।५।।

आद्यन्तदर्शयोर्मध्ये तयोराद्यन्तयोर्यदा।
सङ्क्रान्तिद्वितयं चेत्स्यान्नयूनमासः स उच्चते।।६।।

जिस में दो अमावास्याओं के मध्य में दो सङ्क्रान्तियाँ आती हैं अर्थात् उन दो सङ्क्रान्तियों के मध्य कोई अमावास्या नहीं होती उसे क्षयमास कहते हैं।।६।।

मासप्रधानाखिलमेव कर्म मुक्त्वाखिलं कर्म न कार्यमत्र।
यज्ञोपवासव्रततीर्थयात्रा विवाहकर्मादि विनाशमेति।।७।।

मास प्रधान समस्त कृत्यों को मासों की प्रधानता त्याग कर नहीं करना चाहिये। यज्ञ, उपवास, व्रत, व्रतबन्ध तीर्थयात्रा, विवाहादिकृत्य मासों की अनवधानता से नष्ट हो जाते हैं।।७।।

कश्यपसंहिता में भी उल्लेख मिलता है—

मासौ न्यूनाधिकौ प्रोक्तौ सर्वकर्मबहिष्कृतौ।
मासप्राधान्यकं कर्म विनाऽपि ऋतुसूचकम्।।
(कश्यपसंहितायां २-६)

अश्विन्यादि नक्षत्रों में सूर्य का शुभाशुभ फल

दास्त्रादिऋक्षद्वयगे दिनेशे वृष्टिर्भवेत्क्षेमकरी जनानाम्।
वह्न्यर्क्षसंस्थे यदि वृष्टिरीतिर्ब्राह्मद्वये स्यादतुलं सुभिक्षम्।।८।।

अश्विनी और भरणी नक्षत्रों में रवि सञ्चार होने पर यदि वृष्टि हो तो लोगों के लिए हितकारी होती है। कृत्तिका नक्षत्र में वर्षा हो तो ईतिभीतिप्रद (टिड्डी आदि कीटों से भय), रोहिणी मृगशिरा में अत्यन्त सुभिक्षप्रद है॥८॥

प्रवेशकाले यदि रौद्रभस्य वृष्टिर्भवेदीतिरनर्घता च।
शेषेषु पादत्रितयेषु भीतिरत्यल्पवृष्टिर्महती गदा च॥९॥

आर्द्रा प्रवेश के प्रथम चरण के समय ईतिभीति एवं वस्तुओं के मूल्यों में उतार-चढ़ाव (तेजी मन्दी) होता है। आर्द्रा के शेष तीन चरणों में अल्पवृष्टि तथा महामारी का भय होता है॥९॥

कश्यप ऋषि के अनुसार–

दस्रभाद्द्वितीयस्थेऽर्के यदि वृष्टिर्भवेत्तदा।
क्षेमं सुभिक्षामतुलं भीतिदोषोऽग्निधिष्ण्यगे॥
रोहिणी द्वितयस्थेऽर्के सस्यवृद्धिर्मनोजयः।
रौद्रनक्षत्रगे सूर्ये यदि वृष्टिर्भवेत्तदा॥
अनल्पमल्पवृष्टिः स्यादीतिदोषस्त्वनर्घता॥
आर्द्राप्रवेशे वृष्टिः स्यात्सार्धमासमवर्षणम्॥

(कश्यपसंहितायां २, ७-११)

आर्द्राप्रवेशेऽह्निजगद्विपत्तिं सस्यस्य नाशं कुरुतेऽल्पवृष्टिम्।
क्षेमं सुभिक्षं निशि सस्यवृद्धिं सुवृष्टिमत्यन्तजनानुरागम्॥१०॥

दिवा आर्द्रा प्रवेश होने पर संसार में विपत्ति, सस्यनाश एवं अल्पवृष्टि होती है। निशाकाल में आर्द्रा प्रवेश होने पर क्षेम, सुभिक्ष, सुवृष्टि, जनता में परस्पर अनुराग वृद्धि॥१०॥

पुनर्वसोर्भाद्दशधिष्ण्यवृन्दे प्रीजिर्जनानां कलहो नृपाणाम्।
मैत्रादित्रृक्षत्रितये नराणां विभावसोः साध्वसमामयश्च॥११॥

पुनर्वसु आदि दश नक्षत्रों में वृष्टि होने पर जनता में प्रीति; परन्तु राजाओं में कलह हो। सूर्य के अनुराधा आदि तीन नक्षत्रों में आने पर मेघ घटाओं से संयुक्त हों तथा मनुष्य यात्रारत एवं रोगरहित होते हैं॥११॥

जलाधिदैवर्क्षगते पतंगे विद्युन्मरुद्वारिधनैश्चयुक्ते।
दिनेषु सार्द्धत्रितयेषु पश्चाद्रौद्रादिभेषु क्रमशः सुवृष्टिः॥१२॥

बिजली, वायु और बादलों से आकाश ढँका होने पर यदि सूर्यनारायण शतभिषा में चार करें तो आर्द्रादि नक्षत्रों में क्रमशः $3\frac{1}{2}$ दिनों तक वृष्टि होती है॥१२॥

भङ्गोऽस्य पौष्णर्क्षगते दिनेशे भिन्नेषु रात्रावपि वीक्षणीयम्।
विश्वादिऋक्षत्रितये गदः स्यात्तदा सुभिक्षं त्रिषु वारुणर्क्षात्॥१३॥

रेवती नक्षत्र में वृष्टि भङ्ग, तदभिन्न नक्षत्रों में भी रात्रि का ध्यान रखते हुए विचार करें, उत्तराषाढ़ा आदि तीन नक्षत्रों में सूर्यचार हो तो रोगभय, शतभिषादि तीन नक्षत्रों में सुभिक्ष होता है॥१३॥

सूर्यमण्डलगत राहु पुत्र तामस कीलकादि केतुफल

राहोः सुतास्तामसकीलकाद्याः कबन्धकाकोष्ट्रश्रृगालरूपाः।
यदा रवेर्मण्डलगास्तदानीं मातंगभूपाहवभीतिदाः स्युः॥१४॥

राहु के पुत्र तामसकीलकादि धूम्रकेतु जब सूर्यमण्डल में कबन्ध (शीर्षरहितमानव) काक, ऊष्ट्र, श्रृगालाकृति दिखाई दें तो हाथी, राजा युद्धादि से भय होता है॥१४॥

छत्रध्वजे भाङ्कुशगोवृषाश्वदण्डास्त्रभद्रासनसिंहरूपाः।
दृष्टा रवेर्मण्डलगा यदा ते जगद्विपत्तीति भयप्रदाः स्युः॥१५॥

यदि सूर्यमण्डल में छत्र, ध्वज, गज, अङ्कुश, गो, वृष, अश्व, दण्ड, अस्त्र, भद्रासन, सिंहाकृति रूपवान केतु दिखाई दे तो वे जगद्विपत्तिकारक और ईतिभीतिप्रद होते हैं॥१५॥

नारद ऋषि के अनुसार–

ज्ञात्वा बलाबलं सम्यग्वदेत्फलनिरूपणम्।
दण्डाकारे कबन्धे वा ध्वांक्षाकारेऽथकीलके॥
दृष्टिरर्कमण्डले व्याधिर्भीतिश्चौरार्थनाशनम्।
छत्रध्वजपताकाद्यैराकारैस्तिमिरैर्घनैः ॥
रविमण्डलगैर्धूमैः स्फुलिङ्गैर्नाशनम्।
सितरक्तैः पीतकृष्णस्तैर्मिर्विप्रपूर्वकान्॥
हन्ति द्वित्रिचतुर्भिर्वा राज्ञोऽन्यत्र जनक्षयः।
ऊर्ध्वैर्भानुकरैस्ताम्रैर्नाशं याति च भूपतिः॥
पीतैर्नृपसुतः श्वेतैः पुरोधाश्चित्रितैर्जनाः।
धूम्रैर्नृपः पिशङ्गैश्च जलदोऽधोमुखैस्तथा॥

(ना. सं. २, ११-१५)

श्वेता द्विजान्घ्नन्ति नृपांश्च रक्ताः पीताश्च वैश्यानसिताश्च शूद्रान्।
चमूपतिं चोर्ध्वमुखाश्च रक्ताः पुरोधसं तेऽपि विचित्रवर्णाः॥१६॥

श्वेत केतु विप्र, रक्तवर्ण नृप, पीतवर्ण वैश्य, कृष्णवर्ण शूद्रों की हानि करता है। ऊर्ध्वमुख रक्तवर्ण सेनापति के लिये घातक, विचित्रवर्ण युक्त केतु पुरोहित के लिये घातक होता है॥१६॥

निमित्तवस्तुतो यत्नात् फलं नैमित्तिकस्य च।
खड्गाकारे नृपवधं कबन्धे व्याधितो भयम्।
ध्वांक्षे चौरभयं कीलकाकारेऽपि त्वनर्घता।
राजोपकरणाकारैश्छत्राद्यैरर्कमण्डले।।
राजाबन्धोऽन्यराजत्वं स्फुलिङ्गरर्कमण्डले।।
राजाबन्धोऽन्यराजत्वं स्फुलिङ्गर्गजनाशनम्।
मेघैर्विद्धं नृपवधं करोति रविमण्डलम्।।
सितरक्तैः पीतकृष्णैः पाटलैर्विप्रपूर्वकान्।
चमूपो नाशमायाति ताम्रैरूर्ध्वमुखैः करैः।।
पीतैर्नृपात्मजः श्वेतै पुरोधाश्चित्रितैर्जनाः।
राजधूमैः पिशङ्गैस्तैर्वृष्टिश्चाधोमुखैस्तथा।।
(क. सं. सूर्यचाराध्याये, २१-२५)

अधोमुखा धूमनिभाः क्षितीशान् वृष्टिं पिशंगाश्च तथा विधास्ते।
उक्त्वा फलं तामसकीलकानां फलं ततो मण्डलवर्णतश्च।।१७।।

धूमवर्ण अधोमुख राजघातक, भूरे रंग युक्त पीत केतु वृष्टिनाशक होता है। तामसकीलकादि केतुफल निरूपणानन्तर भास्कर मण्डल के वर्णानुरूप फल निम्न प्रकार से जानें।।१७।।

तामसकीलकसंज्ञा राहुसुताः केतवस्त्रयस्त्रिंशत्।
वर्णस्थानाकरैस्तान् दृष्ट्वाऽर्के फलं ब्रूयात।।
ते चार्कमण्डलगताः पापफलाश्चन्द्रमण्डले सौम्याः।।
ध्वाङ्क्षकबन्धप्रहरणरूपाः शाशाङ्केऽपि।
दण्डे नरेन्द्रमृत्युर्व्याधिभयं स्यात् कबन्धस्थाने।
ध्वाङ्क्षे च तस्करभयं दुर्भिक्षं कीलकेऽर्कस्थे।
राजोपकरणरूपैश्छत्रध्वजचामरादिभिर्विद्धः।
राजान्यत्वकृदर्कः स्फुलिङ्गधूमादिर्भिजनहा।।
(आचार्य वराह मिहिरः वृहत्संहितायां आदित्य चाराध्याये ७, ८, १७, १८)

ऋतुवशात् सूर्य का शुभाशुभफल

लोहितवर्णो ग्रीष्मे लोकानामीतिमीतिदः शश्वत्।
हेमन्ते व्याधिभयं पीतः प्रावृष्यवृष्टिकृत्कृष्णः।।१८।।
आखण्डलचापनिभो भूपविरोधं परस्परं तत्र।
यदि पत्रनिभो बर्हेर्द्वादशवर्षं न वर्षति क्षोण्याम्।।१९।।

ग्रीष्म में रक्तवर्ण सूर्य निरन्तर लोगों में ईतिभीतिप्रद, हेमन्त में पीतवर्ण

व्याधिभय, वर्षा ऋतु में कृष्णवर्ण अनावृष्टिप्रद, इन्द्रधनुषाकार सप्तवर्ण सौरमण्डल राजाओं का परस्पर विरोधकारक जानें। मयूरपंखाकारयुक्त भास्कर भूमि पर द्वादश वर्ष पर्यन्त वर्षा का अभाव करता है॥१८-१९॥

उदयास्तमये काले स्वास्थ्यं तैः पाण्डुसन्निभैः।
भास्करास्ताम्रसंकाशः शिशिरे कपिलोऽपि वा॥
कुंकुमाभौ वसन्तर्त्तौ कपिलो वापि शस्यते।
अपाण्डुरः स्वर्णवर्णो ग्रीष्मे चित्रो जलागमे॥
पद्मोदराभः शरदि हेमन्ते लोहितच्छविः।
हेमन्ते प्रावृषि ग्रीष्मे रोगाणां वृष्टिभीतिकृत्॥
